जे.डी.सी. ने लंबित प्रकरणों व कार्यों पर चर्चा की

जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई।

जोधपुर, (का.सं.)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार 14 मई को प्राधिकरण उच्च अधिकारीगण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सचिव भागीरथ बिश्नोई, उपसचिव कंचन राठौड़, उपायुक्तगण रामजी भाई कलबी, अदिति पुरोहित, निदेशक विधि जगदीश कुमार, निदेशक अभियांत्रिकी महेन्द्र सिंह पंवार, निदेशक वित मंजीत चारण, निदेशक आयोजना सुनिल चौहान, तहसीलदार, अभियन्ता सहित उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

आयुक्त उत्साह चौधरी द्वारा बैठक में विभिन्न न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों, अनुपालना के प्रकरणों की समीक्षा की गई।

आयुक्त द्वारा न्यायालयों में प्राधिकरण के लम्बित प्रकरणों की प्रभावी ढंग से पैरवी करने तथा को न्यायालयों द्वारा निर्णित मुकदमों की पालना सुनिश्चित करने हेतु संबंधित प्रभारी अधिकारीगण को निर्देश प्रदान किए गए। बैठक के दौरान आयुक्त चौधरी द्वारा बकाया प्रकरणों में समय पर प्राधिकरण अधिवक्ता के माध्यम से निगरानी प्राप्त करते हुए समयबद्ध तरीके से माननीय न्यायालयों में जवाब व जवाब-उल-जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक में प्राधिकरण की ऑनलाईन सेवाओं, राज-काज, राजस्थान सम्पर्क, मानवाधिकार आयोग, लोकायुक्त, विधानसभा प्रश्नोत्तर, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरणों सहित जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राधिकरण से संबंधित लम्बित प्रकरणों के प्रगति की समीक्षा कर बकाया प्रकरणों के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

आयुक्त द्वारा ई-फाईल डिस्पोजल रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए राजकाज ई-फाईल एवं ई-डाक की लम्बित पत्रावलियों तथा प्रकरणों को त्वरित गति से निस्पादित करने के भी निर्देश प्रदान किए गए।

विवेक विहार योजना के भूखंड खरीदने का मौका

जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार ई-नीलामी माह अप्रैल-जून 2025 के अन्तर्गत प्राधिकरण द्वारा बुधवार को विवेक विहार आवासीय योजना के डी-1177, ई-36 एवं ई-37 को नीलामी के जरिये विक्रय किया गया। प्राधिकरण द्वारा गुरूवार, 15 मई को ई-80, ई-81 एवं ई-823 हेतु ई-नीलामी का आयोजित की जाएगी।

प्रभारी अधिकारी नीलामी शाखा संदीप सान्दू ने बताया कि महत्वकांक्षी विवेक विहार आवासीय योजना के भूखण्ड़ों की ई-नीलामी में आमजन के भारी उत्साह एवं रूझान के मद्देनजर बुधवार को आयोजित नीलामी में 73,700/-प्रति वर्गमीटर की उच्चतम बोली दर प्राप्त हुई। जेडीए द्वारा शुक्रवार, 16 मई को ई-824, ई-845 एवं ई-846 की ई-नीलामी आयोजित की जाएगी। ई-नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्तें प्राधिकरण की वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।

अदालतों का समय आज से बदलेगा

जोधपुर, (कांस)। राजस्थान हाईकोर्ट व प्रदेश की सभी लोअर कोर्ट का समय ग्रीष्मकाल 15 मई से 27 जून तक की अवधि के लिए बदल जाएगा।

राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर के रजिस्ट्रार (प्रशासन) शैलेंद्र व्यास ने सोमवार को इसकी अधिसूचना जारी की है। ग्रीष्मकाल अवधि के दौरान हाईकोर्ट का समय सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहेगा। इस बीच लंच टाइम 10:30 से 11 बजे तक रहेगा। वहीं कार्यालय समय सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहेगा और इनके लिए लंच टाइम 10:30 से 10:45 बजे तक रहेगा।

इसी तरह अधीनस्थ न्यायालय का समय भी सुबह 8 से दोपहर 12:30 बजे तक रहेगा। अधीनस्थ न्यायालय के ऑफिस का समय सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहेगा। कोर्ट और इनके ऑफिस में लंच टाइम सुबह 10 से 10:15 बजे तक रहेगा। इन कोर्ट के पीठासीन अधिकारी सुबह 7:30 से 8 बजे और दोपहर 12:30 बजे से 1 बजे तक अपने चैंबर्स में कार्य करेंगे।

परीक्षा 22 से

जालोर, (कासं)। वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जालोर में बीए तृतीय वर्ष की भूगोल प्रायोगिक परीक्षा 22 मई से प्रारम्भ होगी। कॉलेज प्राचार्य ने परीक्षा से संबंधित जानकारी दी।

कोविड स्वास्थ्य सहायक कार्मिकों ने मांग बताई

जालोर में कोविड स्वास्थ्य सहायक कार्मिकों ने मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग को सेवा बहाली की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग राजस्थान में कोविड स्वास्थ्य सहायक कार्मिकों ने मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग व एडीएम राजेश मेवाड को ज्ञापन सौंपकर सेवा बहाल कर नियमित करने की मांग की।

राजस्थान कोविड स्वास्थ्य सहायक संघ जालोर के जिलाध्यक्ष शकील अहमद एवं जिला उपाध्यक्ष अभय सिंह के नेतृत्व में जालोर विधायक एवं मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेश मेवाडा को ज्ञापन सौपकर बताया कि कोविड महामारी के समय स्वास्थ्य सहायक बनकर सेवा देने वालो को नियमित करने को लेकर एमएचवीएफ नियम को लागू किया गया था। एमएचवीएफ कार्मिक लम्बे से सेवा बहाल करने की मांग कर रहे है, लेकिन सरकार द्वारा उनकी मांगो की ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा हैं। जिसके चलते 20 मई को जयपुर में विशाल पैदल मार्च निकाला जायेगा तथा कोविड स्वास्थ्य कार्मिकों को सेवा बहाल कर नियमित करने की मांग की जायेगी। ज्ञापन में कोविड स्वास्थ्य कार्मिको की सेवा बहाली कर नियमित करने की मांग की गई। लक्ष्मण प्रसाद मीना, मनीष शर्मा , रणवीर मेघवाल सहित कई जने उपस्थित रहे।

सार-समाचार

सानिध्य भंडारी को 500 में से 495 अंक

सानिध्य भंडारी

जोधपुर, (कांस)। डी पी एस पाल रोड निवासी कक्षा दसवीं के होनहार छात्र सानिध्य भंडारी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं परीक्षा में जोधपुर में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने संस्कृत और डेटा साइंस विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर 500 में से 495 अंक हासिल किए। सानिध्य ने इसका श्रेय अपने परिवार और शिक्षकों को दिया। उन्होंने बताया कि वे आम दिनों में 5 - 6 घंटे और परीक्षा के समय 7 - 8 घंटे पढ़ाई करते है तथा ट्यूशन नहीं लिया और भविष्य में आईटी इंजीनियर बनना चाहते है और क्रिकेट का शौक है।

आपात स्थितियों से निपटने का प्रशिक्षण

जोधपुर, (कांस)। राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष एसडीआरएफ ने बुधवार को मथुरादास माथुर अस्पताल में आपात स्थिति से निपटने का प्रशिक्षण दिया। कश्मीर पहलगाम हमले के बाद अब देश भर में सुरक्षा एजेंसियां ने आपात स्थिति से निपटने को लेकर प्रशिक्षण शुरू कर दिए है। चाहे अग्निशमन विभाग, चिकित्सा विभाग, पुलिस प्रशासन और अन्य देश भर में सरकारी विभाग हो आपातकाल निपटने की स्थिति में लगातार अपने-अपने राज्यों में और प्रत्येक जिलों में आपदा के समय कैसे बचा जाए इसका प्रशिक्षण देने लगे है। बुधवार को संभाग के सबसे बड़े मथुरादास माथुर अस्पताल में एसडीआरएफ का दल पहुंचा। नर्सिंग स्टाफ के साथ मथुरादास माथुर अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर विकास राजपुरोहित मौजूद रहे। स्टाफ को बताया गया कि अगर आपदा जैसी स्थिति होती है तो उसे कैसे निपटा जाए और किस प्रकार मरीजों को बचाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाएं इसके लिए प्रशिक्षित किया गया। आज एसडीआरएफ की टीम के साथ अस्पताल प्रशासन की पूरी टीम मौजूद रही। साथ में मरीजों के परिजन की भीड़ भी उमड़ी और उन्होंने भी सीखा कि अगर ऐसी स्थिति होती है उसमें किस तरह का बचाव कार्य किया जाता है।

एक करोड़ की चोरी का इनामी पकड़ा

जोधपुर, (कांस)। जोधपुर ग्रामीण की डीएसटी ने एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना शेरगढ़ में वांछित 15 हजार रुपए के इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है। वह लगभग एक करोड़ रुपए के सोने के आभूषणों की चोरी व उन्हें खुर्दबुर्द करने के प्रकरणों में वांछित था और पुलिस के डर से लगातार ठिकाने बदल कर भागता फिर रहा था। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी ने बताया कि जोधपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक विकास कुमार के निर्देशानुसार रेंज भर में वान्छित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन धरकरभर के तहत जिला जोधपुर ग्रामीण की जिला विशेष टीम द्वारा पुलिस थाना शेरगढ़ में 15 हजार रुपए के वांछित इनामी अपराधी बेलवा खत्रियान पुलिस थाना बालेसर निवासी नारायणराम उर्फ नराराम पुत्र मोहनराम को दस्तयाब किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोधपुर ठाामीण रघुनाथ गर्ग के सुपरविजन में जिला विशेष टीम के प्रभारी लाखाराम मय टीम द्वारा कानिस्टेबल सुरेश कुमार डूडी की सूचना के आधार पर उसे पकड़ा और अग्रिम अनुसंधान हेतु पुलिस थाना शेरगढ़ को सुपुर्द किया गया।

दाना डालते तालाब में गिरा वृद्ध

जोधपुर, (कांस)। शहर के निकटवर्ती बड़ली भैरूजी मंदिर के पास में तालाब पर मछलियों का दाना डालते एक वृद्ध चक्कर आकर पानी में गिर गया। पानी में डूबने से वृद्ध की मौत हो गई। उसके पुत्र की तरफ से पुलिस में मर्ग की रिपोर्ट दी गई। राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि एमआर स्कूल के सामने सांगरिया फांटा निवासी लोकेश पुत्र जयकिशन सैनी ने मर्ग में रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसके पिता 55 वर्षीय जयकिशन सैनी पुत्र खेताराम सैनी घर से बहन के घर जाने का कहकर निकले। वहां से वह किसी रिश्तेदार के साथ बडली भैरूजी मंदिर गए थे। वहां बड़ली भैरूजी मंदिर के पास में तालाब में मछलियों को दाना खिलाते समय चक्कर आने से पानी में गिर गए और डूब गए। जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया।

जूतों के गोदाम में लगी भीषण आग

जोधपुर, (कांस)। शहर में उम्मेद राजकीय स्टेडियम के सामने आईनॉक्स के पीछे स्थित एक गोदाम में भीषण आग लग गई। आग से पूरे क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। आग की सूचना पर नागौरी अग्निशमन केंद्र से दो दमकल वाहन मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। आग का कारण प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट बताया गया है। जानकारी के अनुसार यहां जूतों का गोदाम है। शाम करीब सवा चार बजे यहां अचानक आग लग गई। आग की लपटें बाहर तक दिखाई दे रही थी। आग लगते ही पूरे क्षेत्र में अफरातफरी का माहौल हो गया। सूचना पर दमकल वाहन मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। आग में काफी सामान जल गया। वहीं दीवारों व छत को भी नुकसान हुआ।

परिवेदनाओं की समीक्षा बैठक आज

जालोर, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं समस्याओं के त्वरित, गुणात्मक एवं सकारात्मक निराकरण के लिए व्यापक कार्यक्रम एकी.त परिवाद निवारण प्रणाली "अटल जन सेवा शिविर" के तहत 15 मई को प्रातः 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के भारत निर्माण सेवा केन्द्र पर वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवेदनाओं की समीक्षा बैठक तथा जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक आयोजित की जायेगी। यह जानकारी अतिरिक्त जिला कलैक्टर ने दी।

चना-सरसों खरीद के लिए पंजीयन सीमा समाप्त

जालोर, (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल और जनकल्याणकारी नेतृत्व में राजस्थान सरकार ने किसानों को बड़ी राहत देते हुए समर्थन मूल्य पर चना और सरसों की खरीद के लिए पंजीयन सीमा को हटा दिया है। सरकार के इस निर्णय से प्रदेश भर के किसानों में उत्साह और संतोष का वातावरण है।

पूर्व में जिला स्तर पर पंजीयन की सीमा निर्धारित थी, परंतु अब किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह सीमा समाप्त कर दी गई है। इससे अधिक से अधिक किसान समर्थन मूल्य पर अपने उत्पाद बेच सकेंगे।

केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुसार एनसीसीएफ जयपुर और राजफेड द्वारा प्रदेश भर में 222 खरीद केंद्रों पर समर्थन मूल्य पर चना और सरसों की खरीद शुरू कर दी गई है। जोधपुर डिवीजन के 68 केंद्रों पर यह कार्य गत माह से जारी है। किसानों को माल जमा कराने के 72 घंटों के भीतर भुगतान किया जा रहा है, जो सरकार की त्वरित और पारदर्शी कार्यप्रणाली का परिचायक है, जो केंद्र (केबीएमएस या जीएसएस) सक्रिय नहीं हैं, वहाँ एफपीओ, एफएक्स बॉडीज या अन्य किसान संगठनों को पंजीयन कर समर्थन मूल्य पर खरीद की सुविधा दी जाएगी। इससे खरीद व्यवस्था में कोई बाधा नहीं आएगी और किसानों को निरंतर लाभ मिलता रहेगा।

राजस्व मामलों का त्वरित निस्तारण करें : डॉ. गावंडे

जालोर में कलैक्टर डॉ.प्रदीप के .गावंडे ने राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जिला कलैक्टर प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व संबंधी मामलों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक के दौरान जिला कलैक्टर ने राजस्व अधिकारियों को जिले से संबंधित राजस्व प्रकरणों का उच्च प्राथमिकता के साथ त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आर.ओ.डब्ल्यू पोर्टल पर प्राप्त प्रकरण संबंधी, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 325 के लिए भूमि अवाप्ति एवं अवार्ड वितरण प्रकरण संबंधी, नामांतकरण निस्तारण, धारा 251-ए के तहत रास्तों के प्रकरण, सीमांकन एवं पत्थरगढ़ी के प्रकरणों सहित विभिन्न राजस्व संबंधित मामलों में तहसीलवार प्रगति देखी तथा तय समयसीमा में प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने लोकायुक्त कार्यालय से संबंधित प्रकरण, एल.आर. एक्ट के अंतर्गत वसूली प्रकरणों एवं लाइट्स के संबंध में समीक्षा करते हुए उपखंड अधिकारियों एवं तहसीलदारों को संबंधित प्रकरणों के निस्तारण संबंधी दिशा-निर्देश दिए। जिला कलैक्टर ने बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए साथ ही कहा कि वे ग्राम एवं ब्लॉक स्तर पर अटल जन सेवा शिविर के तहत आयोजित होने वाली जनसुनवाई के दौरान आम जन से प्राप्त होने वाली परिवेदनाओं का भी गुणवत्तापूर्ण समाधान करें। जिला कलैक्टर ने समस्त उपखंड स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पेयजल विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जिले में ग्रीष्म ऋतु के दौरान सुचारू पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा अवैध पेयजल कनेक्शन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने उपखंड अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट करते हुए सीएचसी, पीएचसी तथा मनरेगा कार्यों का निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलैक्टर जालोर राजेश मेवाड़ा, अतिरिक्त जिला कलैक्टर सांचौर दौलतराम चौधरी, भीनमाल उपखण्ड अधिकारी मोहित कासनियां, जालोर उपखण्ड अधिकारी मनोज चौधरी सहित जिले के समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार व नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

हत्या का आरोपी गिरफ्तार

जालोर, (कासं)। जालोर जिले के पुलिस थाना करडा की ओर से "ऑपरेशन धरकरभर" के तहत लम्बे समय वांछित स्थायी वारण्टी के विरूद्ध कार्यवाही के तहत पुलिस थाना सुखेर जिला उदयपुर में हत्या के दर्ज प्रकरण में 10 साल से वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार महानिरीक्षक पुलिस विकास कुमार जोधपुर रेन्ज जिले मे प्रकरणों में वांछित अपराधीयों के विरूद्ध चलाये जा रहे ऑपरेशन धरकरभर के तहत जोधपुर के निर्देशानुसार रेंज में ज्ञानचन्द्र यादव, जिला पुलिस अधीक्षक, जालोर के निर्देशानुसार एएसपी सांचोर आवडदान चारण एवं रानीवाडा डिप्टी भवानीसिंह ईन्दा के निकटतम सुपरविजन में करडा थानाधिकारी कमलेश कुमार के नेतृत्व में बुधवार को तकनीकी सहायता व मुखबीर सूचना पर एनडीपीएस एक्ट पुलिस थाना करडा में थाना स्तर पर टॉप 10 अपराधी एवं स्थायी वारंटी तथा पुलिस थाना सुखेर जिला उदयपुर में हत्या के प्रकरण में लम्बे समय से फरार अभियुक्त मनोहरलाल पुत्र हरिराम जाति विश्नोई साल निवासी भाटीप पुलिस थाना करडा को बुधवार को गिरफतार किया गया।

चोरी के पांच आरोपी पकड़े

जालोर, (कासं)। पुलिस थाना कोतवाली द्वारा "ऑपरेशन खुलासा" के तहत चोरी के प्रकरण का किया खुलासा किया गया। चोरी के दर्ज प्रकरण में पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त वाहन टैक्सी को जब्त किया।

पुलिस के अनुसार महानिरीक्षक पुलिस विकास कुमार जोधपुर रेन्ज जोधपुर के निर्देशानुसार रेंज में अनटेंस प्रकरणो को ट्रेस आउट करने के लिए चलाये जा रहे "ऑपरेशन खुलासा" के तहत चालानी एवं बरामदगी में सुधार के लिए विशेष प्रयासों के तहत ज्ञानचन्द्र यादव जिला पुलिस अधीक्षक जालोर के निर्देशानुसार जिले में घटित गंभीर प्रवृति के अपराधो /सम्पति सम्बंधी अपराधो का खुलासा कर अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी के तहत श्री मोटाराम गोदारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जालोर एवं गौतम जैन वृताधिकारी, वृत जालोर के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी जालोर अरविन्दकुमार के नेतृत्व में गत दिनो ग्रेनाईट फैक्टी में हुई केबल चोरी के प्रकरण को ट्रेस आउट कर राहुल पुत्र शंकरलाल मेघवाल निवासी सुरजपोल, निखील पुत्र राजू हरिजन निवासी सुरजपोल जालोर, करणकुमार पुत्र पारस हरिजन निवासी सुरजपोल जालोर, मगंलाराम पुत्र वगताराम जोगी निवासी धर्मकांटा तासखाना बावडी जालोर, श्रवण कुमार पुत्र गुमानाराम राव निवासी देवकी पुलिस थाना नोसरा हाल बडी पोल जालोर को गिरफतार किया गया। वही प्रयुक्त वाहन टैक्सी जब्त की गई। पुलिस को सुरेश चौधरी ने रिपोर्ट दी कि उसकी ग्रेनाईट फैक्टी में अज्ञात व्यक्तियो द्वारा केबल काटकर टैक्सी में भरकर ले गये, जिस पर प्रकरण एएसआई रामुराम को सौंपी।

प्रसादी खाने के बाद 12 लोगों की तबीयत बिगड़ी

पाली, (नि.सं.)। शादी समारोह की प्रसादी खाने के बाद 12 लोगों की तबीयत बिगड़ गई।

पाली के पास एंदला गुड़ा गांव में मंगलवार दोपहर में शादी के बाद एक परिवार दूल्हा-दुल्हन को मंदिर दर्शन के लिए लेकर आया। इस दौरान प्रसादी बनाई गई। जो पास ही काम कर रहे नरेगा श्रमिकों में भी बांटा गया। कई नरेगा श्रमिक प्रसाद घर ले गए और परिवार सहित प्रसाद (मक्की और तिल के व्यंजन) खाया। सुबह होते-होते इनकी तबीयत बिगड़ गई। श्रमिकों को उल्टी, दस्त की शिकायत हुई। जिन्हें बांगड़ हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। बीमार लोगों में बच्चे भी शामिल हैं। एक गंभीर घायल बुजुर्ग महिला को आईसीयू में भर्ती किया गया है।

समीक्षा बैठक आयोजित

आहोर, (साबीर)। ब्लाक मुख्य चिकित्सा अधिकारी आहोर के कार्यालय में बुधवार को बीसीएमओ डॉ मनोज कुमार डूडी की अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठक हुई।

डॉ डूडी ने बताया कि जालोर आरसीएचओ राजकुमार बाजिया एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अशिम परिहार के निर्देशन में आयोजित इस बैठक में चिकित्सा विभाग के सभी स्वास्थ्य सूचकांकों पर विस्तार से चर्चा की गई। डब्ल्यू एच ओ राहुल द्वारा यू विन एप में गर्भवती महिलाओं, बच्चों के टीकाकरण और संस्थान पर हो रहे प्रसवों की एंट्री के लिए प्रोजेक्ट के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।

समीक्षा बैठक के बाद ब्लाक के सभी कार्मिकों को डॉ भावेश के द्वारा आरआईएमसी कार्यक्रम ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया।

OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, PALI
ENVIRONMENT AND SOLID WASTE MANAGEMENT CEL

Sr.no. -MCP/Env. & SWM/NIT 01/STP /2025-26/ 38 Date:09-05-2025

Notice Inviting Tender (NIT)

UBN NO:- DLB2526SSOB04393

Online Proposal are invited on behalf of Municipal Corporation Pali from the reputed, experience and technically eligible consultancy firm for the work of "Preparation of Detailed Project Report (DPR) for Upgradation of Effluent Discharge Standards in Compliance with NGT Norms for Existing Sewage Treatment Plant (STP) Based on ASP Technology, and Enhancement of Treatment Capacity from 7.5 MLD to 10 MLD" the further detailed regarding to bid BID Documents can be downloaded from the e-tendering portal https://eproc.Rajasthan.gov.in And https://sppptoiasthsn.gov.in Estimate cost of work are 10.00 lacs.

Commissioner
Municipal Corporation Pali

Raj.Samwad/C/25/2261

आदित्य व कुसुम सुथार सर्वश्रेष्ठ वूशु फाइटर बने

जालोर, (कासं)। जिला स्तरीय जूनियर वूशु प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार शाम को जालोर शहर के स्टेडियम के बहुद्देशीय हॉल में हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक अभियंता बीआर मीणा,कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य वीर दल राजस्थान के अधिष्ठाता विनोद आर्य ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में राजस्थान मुक्केबाजी संघ के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष दलपत सिंह आर्य, शिक्षाविद् ओमप्रकाश खंडेलवाल व जिला खेल अधिकारी प्रतिनिधि खेलो इंडिया कोच इमरान अली मौजूद थे।

जिला वूशु संघ के महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा व अध्यक्ष शिवदत्त आर्य ने प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में बेहतरीन खेल प्रदर्शन के कारण पुरुष वर्ग में सर्वश्रेष्ठ वूशु फाइटर का खिताब आदित्य सिंह राजपुरोहित को व महिला वर्ग में कुसुम सुथार को मिला।

प्रतियोगिता के द्वारा राज्य स्तर पर चयनित पुरुष वर्ग के खिलाडियों में 45 किलो वजनवर्ग विहानराज सक्सेना, 48 किलो में शैलेश,52 किलो में आदित्य शर्मा, 60 किलो में आदित्य सिंह राजपुरोहित, 70 किलो में आर्यन कुमार, 80 किलो में केशव शर्मा व 85 किलो में मानवेन्द्र सिंह ने गोल्ड मैडल जीता। महिला वर्ग 45किलो भारवर्ग में दिव्या सोनी, 48 किलो में कुसुम सुथार,52 किलो में हिमानी वैष्णव, 56 किलो में वैशाली,60 किलो में दिव्या गोदारा व 65 किलो में निशा चौधरी ने गोल्ड मैडल जीतकर राज्य स्तर के लिए अपना चयन करवाया। इसी प्रकार भैरूपाल, मयंक, तेजपाल व इशिता चौधरी ने सिल्वर मैडल जीता। प्रतियोगिता में निर्णायक का कार्य प्रितम सिंह राठौड,कुपाराम आर्य, भावेश सुंदेशा, छवि चौधरी, सुनीता चौधरी व नेहा सुथार ने किया। वहीं चिकित्सकीय सेवा मेलनर्स पुरुषोत्तम गर्ग ने दी।

प्रतियोगिता के दौरान जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष भरत मेघवाल, वूशु कोच देवेश आर्य, क्रीडा भारती के जिला महामंत्री भागीरथ गर्ग, डूंगाराम जांगिड, कैलाशचंद्र, विजयपाल सिंह, विजेश कुमार सहित वूशु खिलाड़ी मौजूद थे।

तिरंगा रैली निकाली

पाली , (नि.सं.)। आज पाली जिला कांग्रेस भवन से पाली युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गोवर्धन देवासी के नेतृत्व में जिले भर के युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता अखिल भारतीय युवा कांग्रेस आदेश पर राजस्थान के हर जिले में भारतीय सेना के सम्मान में उनके द्वारा दिए गए अदम्य साहस के परिचय को सलाम करते हुए देश के वीर शहीदों के जवानों को याद करते हुए इस तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस रैली में पाली जिले के युवा कांग्रेस प्रभारी ऋषि टांक जी ने बताया कि पाकिस्तान के आतंकियों द्वारा पहलगांव हमले में निर्दोष सैलानियों को मारा गया पूरे देश में रोष हे भारतीय सैनिकों द्वारा पाकिस्तान के सैन्य ठिकाने नष्ट किए गए और जवाबी हमला देकर पाकिस्तान को झुकाया गया।

गोवर्धन देवासी ने बताया देश की भारतीय सेना ने अपना अदम्य साहस का परिचय देते हुए देश का परचम लहराया और इंदिरा गांधी के बलिदान को याद किया गया।

युवा कांग्रेस के चंद्रकांत मारू ने बताया कि इस मौके पर प्रदेश संयोजक भुवनेश शर्मा ,विधानसभा अध्यक्ष कृष्णा सांसी , ललित परिहार , राकेश संवसा , महिला कांग्रेस पूर्व जिलाअध्यक्ष नीलम बिड़ला , ओबीसी जिला अध्यक्ष गोविंद बंजारा , कांग्रेस नेता मदनसिंह जागरवाल, प्रकाश सांखला , मांगूसिंह दुदावत , मोहन सिंह, अमीन अली रंगरेज , भेराराम गुर्जर , लाल मोहम्मद , रोहित कच्छवाह, उपाध्यक्ष जीवाराम पंवार , गुड़िया परमार, विनोद शर्मा , सुरेश रावल, महेंद्र कुमावत , नरेंद्र सिंह पूनिया, रमेश बंजारा, रमेश शर्मा, कपिल आदिवाल, मन्नू पेंटर ,सुरेश रावल , पुरण राम बावरी, गोपाल भारती, सुरेश राव , ठेकेदार मांगीलाल मेघवाल , खेताराम मेघवाल ,गोपाल मेघवाल , खुशाल भाटी , रोहित मारू, गौतम कच्छवाह, निरंजन कुमार, अनवर खान , आदि युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031

फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस

निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण का लाभ उठाया है। नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित है। चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों के नियमों और शर्तों का पालन करने मे विफल रहे है और अनियमित हो गए है, उनके ऋण को आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशि पर आगे ब्याज भी लागू होगा।

क्रमांक	ऋण खाता संख्या	ऋण का प्रकार	धारा 13 (2) नोटिस तिथि	धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि
1	25728355 एवं 26621461	गृह ऋण	29.06.2024	17,50,069.14/-

ऋणग्रहिताओं एवं सह-ऋणग्रहिताओं का नामः 1. समुदी रामपाल (स्व.राम पाल भल्लाराम मेघवाल के उपलब्ध कानूनी उत्तराधिकार के रूप में), 2. समुदी रामपाल

सम्पत्ति पता- प्लाट नं. 49, प्लाट क्षेत्रफल 25x50=1250 वर्ग फिट, अर्थात 138.88 वर्ग गज, खसरा नं.108/1, ग्राम-नंदारी, तहसील व जिला-जोधपुर, राजस्थान-342001 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-प्लाट नं.48, पश्चिम-प्लाट नं.50, उत्तर-अन्य की भूमि, दक्षिण-20 फिट चौडा रास्ता

आपसे कहा जाता है कि आप उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए ब्यौरे के अनुसार आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, जिसका आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में विलय हो गया है और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को संबंधित तारीखों से अनुबंधित ब्याज दर और अन्य लागतों, प्रभारों आदि के साथ इस प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करें, ऐसा न करने पर नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, जिसका आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में विलय हो गया है और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को